प्रेषक,

निदेशक,
लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड
23 लक्ष्मी रोड डालनवाला
देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य / वरिष्ठ /कोषाधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक 9382/अं0पें0यो0/नि0ले0ह0/2012-13, दिनांक 16 अगस्त, 2012।

विषय:- **नई पेंशन योजना से आच्छादित कार्मिक जिनको साफ्ट डेटा के आधार पर PRAN आबंटित किये गये हैं, के फार्म सी0आर0ए0 फैसिलिटेशन सेंटर में जमा करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में कृपया इस निदेशालय के पत्रांक 9381/अं0पें0यो0/नि0ले0ह0/2012-13, दिनांक 14 अगस्त, 2012 जुलाई 2012 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जो शासनादेश संख्या- 643/XXVII(7) अं0पें0यो0/2010 दिनांक 11-08-2010 के अनुपालन में अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित जिन कार्मिकों को पूर्व में पी0पी0ए0एन0(सी0पी0एस0एन0) के आधार पर साफ्ट डेटा के माध्यम से प्रान आबंटित हुए हैं के PRAN "फार्म **Annexure S1**" को सी0आर0ए0 के फैसिलिटेशन सेंटर में जमा करने के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि पूर्व में ऐसे कार्मिकों के फार्म में त्रुटियां होने के कारण सी0आर0ए द्वारा नये प्रान आबंटित किये जा रहे हैं। तथा कार्मिकों को दोहरे प्रान आबंटित हो रहे हैं। जिसके कारण कोषागार और निदेशालय स्तर पर कई कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है।

अतः जिन कार्मिकों को पूर्व में पी0पी0ए0एन0 (सी0पी0एस0एन0) के आधार पर साफ्ट डेटा के माध्यम से प्रान आबंटित हुआ है, के प्रान फार्म (**Annexure S1**) आहरण वितरण अधिकारियों से प्राप्त कर समस्त आवश्यक कालम जैसे-

- सी0आर0ए0 द्वारा कोषागारों को आबंटित **DDO, DTO Registration No** . भरे गये हैं?
- पी0पी0ए0एन0 (सी0पी0एस0एन0) (**16 digit format**).
- सी0आर0ए0 द्वारा आबंटित **PRAN**?
- फार्म **BLACk ink** व **BLOCK LETTERS** में भरा है?
- सभी **Mandatory Fields** जिनमें **(*) mark** लगा है, भरे हुए हैं?
- कोषागार कर्मचारी कोड अंकित है?
- रंगीन फोटो चस्पा किया गया है?
- आदि का भली भांति परीक्षण कर सी0आर0ए0 एफ0सी0 में जमा करने से पूर्व इस निदेशालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिसके साथ प्रत्येक कार्मिक का कोषागार कर्मचारी कोड अंकित करते हुए सूची तैयार की गयी हो।

भवदीय

(आर0सी0सेमवाल)
अपर निदेशक,

प्रतिलिपि:- अपर निदेशक, डाटा सेंटर को इस अनुरोध के साथ कि पत्र व संलग्न सी0डी0 को कोषागार सर्वर में अपलोड कर कोषागारों को अवगत कराने का कष्ट करें।

(आर0सी0सेमवाल)